हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शनिवार, 21 जून 2025

11 रेलवे क्रॉसिंग फाटक गुढ़ा से बस स्टैंड जाने वाले मार्ग में...



12 आईटीआई में 27 तक होंगे दाखिले, 3 जुलाई को जारी होगी पहली...



# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस: योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा के संदेश के साथ आज योगमय होगा जिला

- हजारों योग साधक एक साथ करेंगे प्रोटोकॉल योग
- बड़ी एलइडी स्क्रीन के माध्यम से नागरिक सुनेंगे मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री का संबोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शनिवार को अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम के साथ हजारों साधक एक साथ प्रोटोकॉल के तहत योगिक क्रियाएं करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम नांगल चौधरी रोड पर स्थित नई अनाज मंडी में आयोजित किया जाएगा।

हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग की ओर से योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा का संदेश देने के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य मंच के साथ बड़ी एलइडी की व्यवस्था की गई है। इसके माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रदेश की जनता को संबोधित करेंगे।

इसी प्रकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशाखापट्टनम से देश के नागरिकों को अपना संदेश देंगे। अनाज मंडी में शेड के अलावा भी दोनों तरफ नागरिकों के लिए योग करने की व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक संख्या में नागरिक आराम से योग कर सकें। इस कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के निर्देश दिए हैं।



नारनौल। अंतिम रिहर्सल के दौरान कठिन योग का प्रदर्शन करते स्कूली बच्चे। फोटो: हरिभूमि

## अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हुई अंतिम रिहर्सल

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नई अनाज मंडी में जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए एसडीएम रमित यादव व सीटीएम मंजीत कुमार की अध्यक्षता में अंतिम रिहर्सल का आयोजन किया गया। इसी प्रकार जिला महेंद्रगढ़ के सभी खंडों में हजारों नागरिकों ने एक साथ योग क्रियाएं की। हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है। बारिश की संभावनाओं के मध्य नजर जिला स्तरीय कार्यक्रम आईटीआई की बजाय नई अनाज मंडी में किया जाएगा। रिहर्सल कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूली बच्चों ने कठिन योगाभ्यास का भी प्रदर्शन किया। इस मौके पर पतंजलि की ओर से योग शिक्षक निलेश ने योग की क्रियाएं करवाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से बहन कमल ने योग आसनों के बाद शांति पाठ कराया। इस मौके पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शशिबाला, डॉ. सतीश कुमार, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव के अलावा सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद थे।

## इस प्रकार रहेगा योग कार्यक्रम का शेड्यूल

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि सुबह छह से साढ़े छह बजे तक प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाइव संबोधन होगा। इसके बाद साढ़े छह बजे से सात बजे तक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन दिखाया जाएगा। इसके लिए बड़ी एलईडी पर पीएम व सीएम के लाइव संबोधन की व्यवस्था की गई है। सुबह सात बजे से 7:45 बजे तक योगा प्रोटोकॉल के अनुसार योगिक क्रियाएं होंगी। इसके बाद 7:45 से 7:50 बजे तक योगासन प्रदर्शन होगा। यह कार्यक्रम आठ बजे तक संपन्न होगा।

## जिले में ये रहेंगे योग कार्यकर्मों में मुख्यातिथि

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को नारनौल में होने वाले जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में विधायक ओमप्रकाश यादव मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। वहीं महेंद्रगढ़ में महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव, नांगल चौधरी में जिला परिषद के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार, कनीना में एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह, अटेली नांगल में नारनौल एसडीएम रमित यादव, सिहमा में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी हरिप्रकाश बंसल, निजामपुर में तहसीलदार व सतनाली में तहसीलदार मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे।

## खबर संक्षेप

### गांवों में पंचायती भूमि से जल्द हटेंगे अवैध कब्जे

**कनीना।** गांवों में हो रहे अवैध कब्जों को शीघ्रता से हटवाया जाएगा। इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। प्रत्येक सप्ताह अवैध कब्जे हटाने के लिए शेड्यूल तैयार किया जा रहा है। अवैध कब्जों से गावों में किए जाने वाले विकास कार्य प्रभावित होते हैं। प्रदेश सरकार आजमन को सभी जरूरतें मुहैया करवाने की पक्षधर है। ये बात खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नवदीप कुमार ने कही।

### बाबा साहब पुस्तक विमोचन समारोह कल

**नारनौल।** परिवर्तनकारी मंच की ओर से सुंदरलाल उत्सुक द्वारा रचित संघर्ष के प्रतीक बाबा साहब पुस्तक विमोचन समारोह व काव्य गोष्ठी 22 जून को प्रातः 10 बजे नारनौल के अंबेडकर भवन में होगा। मंच के प्रधान डा. शिवताज सिंह व सचिव मनोज बुलाण ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि सह आयुक्त आयकर डा. विनय कुमार होंगे, जबकि अध्यक्षता डीईओ जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान करेंगे। राजकीय महिला कॉलेज अटेली के प्राचार्य डॉ. प्रवीण यादव, प्रखर सामाजिक कार्यकर्ता बीसी गोठवाल, पदक विजेता बाबूलाल चोरेड विशिष्ट अतिथि होंगे।

## नप ने शहर में डोर टू डोर कूड़ा उठान का सोना इंटप्राइजिज को दे रखा है टेंडर

# कूड़ा उठान करने वाले टैंपुओं के ड्राइवरों ने शोषण का आरोप लगा शुरू की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले टैंपों एवं ट्रैक्टर चालकों ने ठेका कंपनी सोना इंटरप्राइजिज एजेंसी पर नाजायज शोषण करने का आरोप लगाते हुए हड़ताल शुरू कर दी। इससे शहर में कूड़ा उठान का कार्य प्रभावित हो गया और जगह-जगह गंदगी फैल गई। ड्राइवरों ने नगर परिषद की कार्यकारी अभियंता मोनिका को एक ज ञापन भी सौंपा तथा इस पर कार्यवाही करने की मांग की। मोनिका ने उन्हें ईओ के आने उपरांत कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

नगर परिषद के कूड़ा उठान में लगे ड्राईवरों प्रीत्तम, अमन, पवन, सुरेश, संजू, राजेश, कुलदीप सिंह, चंदन व विक्रम आदि ने आरोप लगाते हुए बताया कि पिछले दो-तीन महीनों से व्हीकलों के खराब होने पर उनकी मरम्मत ड्राइवरों को अपनी जेब से करवानी पड़ रही है। चाहे लाइट खराब या फिर बरसात में पट्टे-कमानी टूट जाएं, आदि सभी कार्य ड्राइवरों को अपनी जेब से करवाना पड़ रहा है और दो-तीन महीने में ड्राइवरों का लगभग 80-90 हजार रुपये टैंपों की मरम्मत पर अपनी जेब से खर्च हो चुका है। उन्होंने बताया कि कमाल की बात है कि ठेका एजेंसी मरम्मत का बिल अपने नाम बनवाती है तथा उनका पैसा भी रिकवर नहीं करने दिया जा। पहले तो कंपनी के एरिया मैनेजर पैसा रिकवर करवाने की बात कहते थे, लेकिन अब उन्होंने साफ-साफ मना कर दिया है कि कोई पैसा नहीं मिलेगा। इससे उनका परिवार का पेट पालना मुश्किल हो गया है।

गौर हो कि नगर परिषद नारनौल ने सोना इंटरप्राइजिज कंपनी को शहर में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का ठेका दिया हुआ है और इस एजेंसी ने लगभग 60 ड्राईवर एवं कर्मचारी लगा रखे हैं तथा उनका भारी शोषण किया जा रहा है।

हड़ताली कर्मचारियों ने बताया कि यह कंपनी प्रत्येक ड्राईवर को हर माह 12 हजार रुपये वेतन देती है, जिसमें से हर माह 11000 रुपये कैश देती तथा बाकी एक हजार रुपये प्रत्येक कर्मचारी के ईपीएफ के नाम से काट लेती है, जिसकी लगाए गए कर्मचारी के पास कोई जानकारी नहीं होती है। हरियाणा सरकार ने सभी सरकारी विभागों में डीसी रेट पर कर्मचारी लगाती है और यह निर्णय सभी प्राइवेट कंपनियों पर भी लागू होता है। इसलिए ठेके की शर्तों के अनुसार सभी कर्मचारियों को डीसी रेट दिलाया जाए। उन्होंने बताया कि कूड़ा उठाने वाली गाड़ी ट्रैक्टर व टैंपों में जो भी मेंटीनेंस का खर्चा होता है, उसको ड्राइवर के वेतन से काट लिया जाता और जो बिल मेंटीनेंस का ड्राईवर लेकर आता है, वह कंपनी के नाम से कटवाती है और कंपनी ड्राईवरों के पैसे हड़प कर जाती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रत्येक ड्राईवर व कर्मचारी का जो ईएसआई का पैसा कटता है, उसकी किसी कर्मचारी को कोई जानकारी नहीं है। न ही उसकी रसीद उन्हें मिलती है और न ही कोई फायदा मिल रहा है। जब भी कोई ड्राईवर व कर्मचारी शोषण के खिलाफ आवाज उठाता है तो ठेकेदार व सुपरवाईजर द्वारा उसको नौकरी से हटाने की धमकी दी जाती है। अगर अल्प वेतन भोगी ड्राईवर अपनी जेब से गाड़ियों की मेंटीनेंस का खर्चा उठाता रहेगा तो वह अपने परिवार का गुजारा कैसे करेगा। यह उनके साथ शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक शोषण है, जो सोना इंटरप्राइजिज कंपनी द्वारा किया जा रहा है।





नारनौल। हड़ताल के चलते नप में ठप खड़े टैंपो व कूड़ा उठान नहीं होने से फैल रही गंदगी। फोटो: हरिभूमि

### यह बोली एक्शन

हड़ताली ड्राइवरों एवं कर्मचारियों की बातें सुनने उपरांत कार्यकारी अभियंता मोनिका ने कहा कि आज कार्यकारी अधिकारी नप नहीं आए हैं, जब वह आएंगे, तब उनके संज्ञान में यह मामला लाया जाएगा और उनको न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर कुलदीप सिंह, कर्णसिंह, सीताराम, युद्धिष्ठर, गोपाल, जोगेंद्र, लोकेश, सावन, विष्णु, योगेंद्र, सुनील, हेमंत, राकेश, विजय आदि मौजूद रहे।

### यह बोले सुपरवाइजर

सोना इंटरप्राइजिज एजेंसी के सुपरवाइजर कर्मवीर ने बताया कि ड्राईवरों को यह कहा गया है कि गाड़ियों को वह अपनी गाड़ी समझ कर चलाएं और जिस प्रकार अपनी गाड़ी को सीट पर बैठने से पहले कपड़ा मारते हैं, साफ–सुथरा रखते हैं और नुकसान भी नहीं होने देना चाहते, उसी प्रकार से इन गाड़ियों को भी चलाएं, लेकिन कभी कोई शीशा तोड़कर लाता है तो कभी कोई टायर फटने की बात कहकर नुकसान कर रहा है। गाड़ियां 2023 मॉडल हैं, लेकिन उनकी बेहतर रखरखाव के अभाव में हालत एकदम खराब कर दी है। ऐसे में केवल हिदायत दी गई थी। किसी ड्राईवर से मेंटीनेंस का कोई खर्चा नहीं लिया है। सब कंपनी वहन कर रही है। ईएसआई एवं पीएफ का पैसा भी नियमानुसार जमा करवाया जा रहा है। ड्राइवरों को केवल नजरिया बदलने व अपनापन की आवश्यकता है।

## सीआईए ने अवैध हथियार के साथ एक को किया काबू

**नारनौल।** सीआईए पुलिस ने थाना सदर क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित नितिन वासी भीलवाड़ा को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी पिस्टल बरामद किया है। आरोपित के खिलाफ थाना सदर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपित से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। सीआईए गश्त के दौरान नया बस स्टैण्ड अटेली पर मौजूद थी। टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक नौजवान लड़का नितिन कुमार वासी भीलवाड़ा रेलवे अण्डर पास बाछौद से निकलकर नजदीक हवाई पट्टी बाछौद के पास तिराहे पर खड़ा है, जिसके पास अवैध हथियार है। अगर तुरंत रेड कि जाए तो अवैध हथियार सहित काबू आ सकता है। टीम ने सूचना के आधार पर रेड की। जहां पर खड़ा युवक पुलिस को देखकर तेज कदमों से चलने लगा। जिसको काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम नितिन कुमार निवासी भीलवाड़ा बताया। जिसको चेक करने पर एक देसी पिस्टल मिला।

## सदस्यता आवेदन की जांच पड़ताल के लिए कमेटी का गठन

**महेंद्रगढ़।** सैनी सभा के पांच अगस्त को होने वाले आम चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को प्रधान श्रीराम सैनी की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक में आए सदस्यता आवेदन की जांच पड़ताल के लिए एक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें रूडमल, सुनील कुमार सैनी मदरसा, अमर सिंह, अत्तर सिंह सैनी, ओमप्रकाश हलवाई और ईश्वर आढ़ती को शामिल किया गया। यह सभी सदस्य सदस्यता आवेदनों की जांच पड़ताल करेंगे तथा प्रधान एवं कार्यकारिणी को रिपोर्ट करेंगे। इस बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि मौजूदा कार्यकारिणी का कार्यकाल 15 जून को समाप्त हो गया हैं तथा आम चुनाव संपन्न करवाए जाए। आम चुनाव संपन्न करवाने के लिए योग्य एवं कानूनी जानकार अधिकारियों की नियुक्ति की जाए। जिसके लिए मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट नितिन यादव, उप चुनाव अधिकारी एडवोकेट कुलदीप सैनी एवं पर्यवेक्षक सेवानिवृत अधीक्षक ऋषिराज के नाम पर सर्व सम्मति बनी। प्रधान ने सचिव को इन अधिकारियों को पत्र लिखकर सूचित करने और उनकी लिखित सहमति लेने का दायित्व सौंपा। बैठक में प्रधान श्रीराम सैनी ने कहा कि जल्द से जल्द संस्था की सदस्यता के लिए आए नए फार्म की सूची बनाकर सार्वजनिक करे तथा जिला रजिस्ट्रार से भौगोलिक स्थिति के अनुसार कॉलजियम बनाने की अनुमति लेने के लिए आनलाइन और दस्ती अनुमति पत्र भेजे, ताकि भौगोलिक स्थिति के अनुसार वार्ड आवंटन करके आम चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से एवं भाईचारे से संपन्न करवाए जा सके।

## हकेंवि व हरसैक के बीच साझेदारी को मिला विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- तीन वर्षों के लिए बढ़ाया गया एमओयू

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय और हरियाणा स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (हरसैक) हिसार के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) को आगामी तीन वर्षों के लिए और बढ़ा दिया गया है। इस साझेदारी का उद्देश्य जियोस्पेशियल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण को और अधिक सुदृढ़ करना है। गुरुग्राम में आयोजित एक कार्यक्रम में हकेंवि कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार एवं हरसैक के निदेशक डॉ. सुल्तान सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि यह समझौता नवीनीकरण जियोस्पेशियल विज्ञान में शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी 2022 को प्रारंभ हुई इस साझेदारी के तहत अब तक संयुक्त कार्यशालाएं, विशेषज्ञ व्याख्यान और विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। कुलपति ने कहा कि आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम उन्नयन, फील्ड ट्रेनिंग, इंटर्नशिप, प्लेसमेंट, फैकल्टी डेवलपमेंट तथा कौशल विकास कार्यक्रम पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सहयोग न केवल शैक्षणिक पद्धतियों को समृद्ध करेगा बल्कि विद्यार्थियों को जियोस्पेशियल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

हरसैक निदेशक डॉ. सुल्तान सिंह ने कहा कि यह सहयोग विद्यार्थियों को रिमोट सेंसिंग और जीआईएस प्रौद्योगिकी की व्यावहारिक जानकारी देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हरसैक राज्य का अग्रणी संस्थान है जो अत्याधुनिक जियोस्पेशियल समाधान विकसित कर विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान के अवसर प्रदान करता है। यह एमओयू शैक्षणिक ज्ञान और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण-प्रशिक्षण में सहयोगी होगा और विद्यार्थियों को जियोस्पेशियल क्षेत्र में बढ़ती मांग के अनुरूप तैयार करेगा।



महेंद्रगढ़। एमओयू हस्तांतरित करते कुलपति व हरसैक निदेशक। फोटो: हरिभूमि

## ग्रामीणों ने बिजली निगम के अधिकारी व पुलिस कर्मी के साथ बहस की

# जगमग योजना के तहत गांव खायरा में पोल लगने शुरू, ग्रामीणों को ऐतराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव खायरा में बिजली निगम के द्वारा जगमग योजना के तहत पोल लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। गांव की गलियों में पोल लगाने को लेकर कुछ ग्रामीणों ने ऐतराज जताया है। ग्रामीणों द्वारा ऐतराज जताने पर बिजली निगम द्वारा शुक्रवार को पुलिस फोर्स के साथ गांव की गलियों में पोल लगाए गए हैं।

ग्रामीणों को कहना है कि निगम द्वारा कई जगह पोल गलत लगाए जा रहे हैं। ठेकेदार व निगम द्वारा उनके घर के आगे पोल लगाए जा रहें हैं, जिसके चलते सड़क पर आने वाले वाहनों को परेशानी होगी। इस दौरान दो-चार ग्रामीणों ने बिजली निगम के अधिकारी व पुलिस कर्मी के साथ बहस भी हुई, लेकिन पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों को समझाकार मामला शांत करवाया।



महेंद्रगढ़। ग्रामीणों को समझाते पुलिसकर्मी। फोटो: हरिभूमि

बता दें कि सरकार की स्कीम म्हारा गांव जगमग गांव के तहत जिलेभर के अनेक गांवों में बिजली के मीटर बाहर लगाने के साथ-साथ बिजली की खुली तारों को भी एक केबल में बदलने का काम किया जा रहा है। निगम ने इन गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति देने के उद्देश्य से यह काम करवाया जा रहे हैं। निगम का दावा है कि जिस गांव की प्रोग्रेस रिपोर्ट ठीक है, ऐसे गांवों में 24 घंटे बिजली सप्लाई दी जाएगी। निगम का दावा है कि आने वाले समय में बिजली आपूर्ति हर गांव की बेहतर होगी, इसको लेकर प्रयासरत हैं।

म्हारा गांव जगमग गांव योजना वर्ष 2015 में शुरू हुई थी। शुरुआती दौर में योजना का काम बहुत धीमी गति से चला। योजना को लेकर कई जगहों पर विरोध तक हुआ। लेकिन बाद में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर निगम अधिकारियों ने लोगों को योजना से अवगत कराया तो इसके बाद तेजी से काम शुरू किया गया। इसी उद्देश्य को लेकर बिजली निगम द्वारा गांव खायरा में जगमग योजना में लेने को लेकर कुछ सप्ताह पहले पोल गाड़ने चाहे तो कुछ ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। इसी को देखते हुए निगम शुक्रवार को गांव में पूरे दलबल व पुलिसफोर्स के साथ गांव में पहुंचा। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने एतराज भी जताया, लेकिन पुलिस होने के चलते गांव में पोल लगाए गए हैं।

### गांव में मिलेगी 24 घंटा बिजली

*निगम द्वारा 24 घंटा बिजली देने के उद्देश्य से खायरा गांव को जगमग योजना में लिया गया हैं। कुछ ग्रामीण इस पर ऐतराज जता रहें हैं, निगम द्वारा उन्हें समझाया जा रहा हैं। कुछ बात ग्रामीणों की मान रहें हैं, कुछ निगम द्वारा जायज लग रहा हैं, वहां पोल लगाए जा रहे हैं। पूरे गांव में जल्द पोल लगाकर गांव में 24 घंटा बिजली दी जाएगी।*

*-सुनील कुमार, एसडीओ, बिजली निगम, महेंद्रगढ़*

# क्रेशर कंपनी से गांव में बनाया अवैध रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

क्रेशर कंपनी ने गांव से अवैध रास्ता बना लिया। यह रास्ता कंपनी ने पंचायती जमीन पर बनाया है। इस बारे में गांव के सरपंच ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को इसकी जानकारी दी। बीडीपीओ ने इस बारे में पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीडीपीओ को दी गई शिकायत में गांव पांचनौता की सरपंच ममता देवी ने बताया कि गांव मुसनौता व पांचनौता आस पड़ोस के गांव हैं। गांव मुसनौता में संतोषी खनिज उद्योग लगा हुआ है। यह एक क्रेशर कंपनी है। इस कंपनी की ओर से खनन का कार्य किया जाता है। उक्त कंपनी की ओर से खनन क्षेत्र में आने जाने के लिए लंबे समय से गांव पांचनौता की पंचायती भूमि का प्रयोग किया जा रहा है। इस पंचायती जमीन का नंबर 258 व 270 है।

शिकायत पर कार्रवाई करते हुए बीडीपीओ ने इन दोनों खसरा नंबरों की पैमाइश हलका गिरदावर से करवाई। नियमानुसार पैमाइश रिपोर्ट के आधार पर हरियाणा पंचायती राज अधिनियम के तहत कंपनी को नोटिस दिया गया। जिसके बाद 27 मई को पुलिस की सहायता से वहां से अवैध कब्जा हटवा दिया था। मगर अब फिर से ग्रामीणों ने शिकायत की है कि उक्त कंपनी की ओर से पूर्व में बनाए गए रास्ते के बराबर में अलग से रास्ते का निर्माण कर लिया है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने क्रेशर कंपनी पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# सीसीसी कोर्स करने के मिलते हैं अनेक फायदे



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

क्या आपने कभी सीसीसी कोर्स के बारे में सुना है। यह एक कंप्यूटर कोर्स है। इस कोर्स की शुरुआत कंप्यूटर लिटरेसी को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। आज हमारे इस आर्टिकल में हम आपको सीसीसी कंप्यूटर कोर्स से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने जा रहें है। सीसीसी का पूर्ण रूप है (कोर्स ऑन कंप्यूटर कांसेप्ट )। आज के समय में कंप्यूटर की जानकारी होना बहुत आवश्यक है। रोजगार पाने और करियर बनाने में कंप्यूटर का ज्ञान हमारी बहुत अधिक मदद करता है। नई-नई जॉब पाने के लिए कंप्यूटर कोर्स अनिवार्य कर दिए गए है। साथ ही यह हमारी दैनिक जिंदगी का भी हिस्सा बन गया है।

## हर माह आयोजन



आपको बता दें कि एनआईईएलआईटी (नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ इलेक्ट्रिोनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी ) संस्था की तरफ से हर महीने सीसीसी कोर्स का आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए सीसीसी कोर्स की परीक्षा का आयोजन होता है, जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए इच्छुक है वह एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरकर आवेदन भेज सकता है। इस कोर्स की विशेषता यह है कि कोई भी भारतीय नागरिक इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है। कोर्स के लिए कोई स्पेशल आयु या फिर पात्रता निर्धारित नहीं की गई है। अब इस कोर्स को करने वालों की संख्या भी बढ़ चुकी है क्योंकि कई जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी इजाफा हुआ है। ज्यादातर जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी बढ़ोतरी देखी गई है।

## इस प्रकार करें कोर्स

सीसीसी कोर्स हेतु आपको ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सीसीसी ऑनलाइन अप्लाई फोर्म भरने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुल जाएगा। इस होम पेज पर आपको "**Apply Online**" का ऑप्शन दिखाई देगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही अगले पेज में आपकी स्क्रीन पर बहुत से कोर्स के ऑप्शन दिखाई देंगे। यहां आपको "**IT Literacy Programme**" के सेक्शन में "**Course on Computer Concepts**" के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर नया पेज ओपन होगा , यहां आपको डिक्लेरेशन पर टिक करके "**I Agree & Proceed**" के बटन पर क्लिक कर देना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर फार्म ओपन हो जाएगा। इस फॉर्म में आपको रजिस्ट्रेशन डिटेल्स, एप्लिकेंट पर्सनल डिटेल्स, कांटेक्ट डिटेल्स, एड्रेस डिटेल्स, क्वालिफिकेशन डिटेल्स, एग्जामिनेशन डिटेल्स और पहचान की जानकारी भरनी होगी। इसके बाद आपको पासपोर्ट साइज फोटो, साइन और अंगूठे का इम्प्रैशन स्कैन करके अपलोड करना होगा। यह करने के उपरांत आपको फॉर्म में दिया गया कैप्चा कोड भरकर डिक्लेरेशन पर टिक करना होगा। इस पूरी प्रक्रिया के बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। आपकी आवेदन प्रोसेस पूर्ण हो जाएगी।

## परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड

जैसा कि आप सभी जानते हैं परीक्षा में प्रवेश करने के लिए सभी उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड दिया जाता है। इस एडमिट कार्ड के जरिए ही आप परीक्षा में बैठने के योग्य होते हैं। ऐसे में सीसीसी परीक्षा के लिए भी कुछ दिनों पहले एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे। जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होने वाले हैं वह अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। सीसीसी एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही जारी होंगे जिसे सभी छात्र एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन डाउनलोड

### यह प्रक्रिया अपनानी होगी

सीसीसी एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुलेगा। होम पेज पर आपको डाउनलोड एडमिट कार्ड का ऑप्शन नजर आएगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने कोर्स की लिस्ट ओपन हो जाएगी। यहाँ आपको **IT Literacy Programme** के सेक्शन में **Course on Computer Concepts** के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने वचन पत्र खुलकर आएगा, आपको इसे सावधानी पूर्वक पढ़ना होगा। इसी पेज में आपको नीचे दिए गए डिक्लेरेशन पर टिक करके एग्री के बटन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपकी स्क्रीन पर एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए फॉर्म खुल जाएगा। यहां आपको मांगी गई जरूरी जानकारी भरनी होंगी। उसके बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही आपकी स्क्रीन पर सीसीसी एडमिट कार्ड प्रदर्शित हो जाएगी। अब आप एडमिट कार्ड को सेव करके डाउनलोड कर पाएंगे

### 90 मिनट में हल करने होते हैं 100 प्रश्न

सीसीसी की परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षा होती है। इस परीक्षा में 100 वैकल्पिक प्रश्न आते है। हर प्रश्न एक नंबर का होता है। परीक्षा के लिए 90 मिनट का समय दिया जाता है। सीसीसी परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग नहीं होती है तथा छात्रों को उनकी डिवीजन के बेस पर ग्रेड मिलता है। जैसे 50 से कम अंक लेने वाले उम्मीदवार फेल होते हैं, 50- 54 को डी, 55-64 को सी, 65-74 को बी, 75-84 को ए ग्रेड मिलता है।

## बैंकिंग, वित्तीय सेवा, बीमा, रेलवे, शहरी विकास सभी क्षेत्रों में इसकी जरूरत

# एमबीए के बाद मिलते हैं कई अच्छी सैलरी वाली नौकरियों के अवसर, बनेगा करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## नौकरियों की यहां कोई कमी नहीं



अगर आप नौकरी की सुरक्षा, करियर में उन्नति, बेहतर अवसर और कई अतिरिक्त भत्तों की तलाश में हैं तो एमबीए के बाद सरकारी नौकरियां आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकती है। एमबीए के बाद सरकारी नौकरियां बैंकिंग, वित्तीय सेवा, बीमा, रेलवे, शहरी विकास और आवास विभाग आदि कई अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हैं। आरबीआई, एसबीआई, एनएमडीसी और अन्य जैसे शीर्ष संगठन भी विभिन्न पदों के लिए एमबीए करने वाले अनुभवी पेशेवरों को नियुक्त करते हैं। कई छात्र एमबीए के बाद सरकारी नौकरी करना चाहते हैं लेकिन उन्हें नहीं पता कि उनके लिए कौन सी नौकरियां उपलब्ध हैं। इस ब्लॉग में, हम आपको उन सबसे लोकप्रिय सरकारी नौकरियों के बारे में बताएंगे जिन्हें आप एमबीए की डिग्री पूरी करने के बाद हासिल कर सकते हैं।

### सरकारी नौकरियों के लिए अवसर

**प्रवेश स्तर की नौकरी के अवसर** : एमबीए के बाद केंद्र और राज्य सरकार दोनों के द्वारा कई प्रवेश स्तर की नौकरियां उपलब्ध हैं। इसके लिए किसी वर्क एक्सपीरियंस की आवश्यकता नहीं होती। लेकिन प्रवेश स्तर के पदों के लिए वेतन भी उच्च नहीं होता। अतः उम्मीदवार के लिए वेतन देखने के बजाय पहले नौकरी करना बेहतर है। एक बार जब वे कुछ अनुभव प्राप्त कर लेते हैं, तो वे बेहतर अवसरों की तलाश कर सकते हैं।



**भत्ते और लाभ** : सरकारी क्षेत्र के उम्मीदवारों को चिकित्सा और मातृत्व सेवाओं जैसे कई लाभ मिलते हैं। सरकारी क्षेत्र इस मामले में निजी क्षेत्र से कहीं बेहतर है।

**करियर विकास** : निजी क्षेत्र की तुलना में सरकारी क्षेत्र में करियर की ग्रोथ अच्छी है। निजी क्षेत्र में काम करने वाला कर्मचारी 15 साल के भीतर सुप्रीटेंडेंट या सीनियर क्लर्क बन सकता है जबकि सरकारी संगठन का कर्मचारी आगे प्रमोशन के द्वारा अन्य ऊंचे पदों पर जा सकता है।

**योग्यता पुरस्कृत** : सरकार उन उम्मीदवारों की तलाश में है, जिनके कौशल, जॉब प्रोफाइल और प्रोजेक्ट्स से मेल खाते हैं। कुछ सरकारी एजेंसियां भी हैं जो अब अपने प्रोजेक्ट्स के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ सहयोग कर रही हैं। ऐसे में आप अपनी योग्यता के अनुसार अच्छे अवसरों की तलाश कर सकते हैं।

### एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर

एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर का मुख्य कार्य कार्यक्रम को लागू करना, किसी विशेष कार्यक्रम में कर्मचारियों की गतिविधियों की जांच करना और कार्यक्रम से संबंधित सभी गतिविधियों का मैनेजमेंट करना है। इस प्रोफाइल के लिए डिग्री में योग्यता के आधार पर किया जाता है। कुछ संगठन हैं जो चयनित उम्मीदवारों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित कर सकते हैं। एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर्स यूपीएससी, एसएससी परीक्षा या अन्य प्रतियोगी परिक्षाओं के अंकों के आधार पर नियुक्त किए जाते हैं। इनका वार्षिक वेतन 8 से 10 लाख रुपये प्रतिवर्ष है।

### मार्केटिंग ऑफिसर

मार्केटिंग ऑफिसर सभी बैंक या संबंधित आर्गेनाइजेशन उत्पादों के लिए स्ट्रेटजी बनाते हैं। एक मार्केटिंग ऑफिसर के कुछ प्रमुख कार्य प्रोडक्ट का प्रचार करना, सोशल मीडिया का मैनेजमेंट करना, एक विज्ञापन एजेंसी के साथ कोऑर्डिनेट करना और मार्केटिंग कैंपेन का मैनेजमेंट करना है। जिन उम्मीदवारों ने एमबीए मार्केटिंग, पीजीडीबीएम, या पीजीडीबीए में एमबीए पूरा कर लिया है, वे इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। मार्केटिंग ऑफिसर का वेतन 8 से 15 लाख रुपये प्रति वर्ष है।

### बिजनेस एनालिटिक्स में एमबीए

बिजनेस एनालिटिक्स में एमबीए एक स्पेजलाइजेशन फिल्ड है जो छात्रों को विभिन्न एनालिटिकल टूल्स (सांख्यिकीय और मात्रात्मक विश्लेषण, व्याख्यात्मक और प्रीडिक्टिव मॉडलिंग, डेटा विजुअलाइजेशन, आदि) का उपयोग करने के तरीके सीखाता है ताकि कई स्रोतों से डेटा एकत्र किया जा सके। ताकि कस्टमर बिहेवियर, मार्केट ट्रेंड और बिजनेस इंटेलिजेंस से संबंधित अन्य मामले में इसका उपयोग कर विश्लेषण किया जा सके। व्यापार में एनालिटिक्स के बढ़ते महत्व के कारण भारत में बिजनेस एनालिटिक्स पेशेवरों का औसत वेतन 11 लाख प्रति वर्ष जबकि फ्रेशर्स लगभग 5 - 8 लाख प्रति वर्ष, अनुभवी पेशेवर 10 - 18 लाख प्रति वर्ष और शीर्ष स्तर के लोग 30 - 55 लाख सालाना तक वेतन पा सकते हैं।

## एमबीए के बाद टॉप सरकारी नौकरियां



**कई एमबीए के बाद सरकारी नौकरियां उपलब्ध हैं जहां आप आवेदन कर सकते हैं नीचे एमबीए के बाद कुछ प्रमुख सरकारी नौकरियां दी गई हैं।**

**सीईओ** : एक सीईओ, किसी आर्गेनाइजेशन की रीढ़ की हड्डी समान होता है। सीईओ संबंधित आर्गेनाइजेशन प्रोडक्ट्स, ग्राहकों, कर्मचारियों, शेयरहोल्डर्स और कम्पनी के गोल्स के बारे में निर्णय लेता हैं। एक सीईओ बनने के लिए, आपके पास अकाउंटिंग, मैनेजमेंट या अकाउंटेंसी में डिग्री या प्रोफेशनल क्रेडेंशियल होना चाहिए। सीईओ बनने के लिए सालों के एक्सपीरियंस और हार्ड वर्क की आवश्यकता होती है। भारत में एक सीईओ का वेतन 30 से 34 लाख रुपए सालाना है।

**पर्सनल ऑफिसर** : बैंकों को अपनी ह्यूमन रिसोर्स एक्टिविटीज को संभालने के लिए एक पर्सनल ऑफिसर की आवश्यकता होती है। बैंकों में इन ऑफिसर्स के कुछ प्रमुख कार्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था करना, भत्तों को डिजाइन करना, कर्मचारियों की पोस्टिंग या स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति लाभ वितरण, प्रचार अभ्यास आयोजित करना और कर्मचारियों के प्रदर्शन की निगरानी करना है। उम्मीदवार राष्ट्रीय स्तर पर बैंक में कार्मिक अधिकारी के लिए आवेदन कर सकते हैं। एसबीआई की अपनी प्रवेश परीक्षा है जबकि बाकी बैंक उम्मीदवारों को उनके आईबीपीएस आरआरबी के आधार पर नियुक्त करते हैं। इनका अनुमानित वार्षिक वेतन 5 लाख से 15 लाख रुपए के बीच होता है।

**बैंक असिस्टेंट ऑफिसर** : बैंक असिस्टेंट ऑफिसर के कुछ प्रमुख काम किसानों को ऋण सुविधाओं के बारे में सूचित करना, क्रेडिट प्रोफाइल की जांच और लोन रिपेमेंट नीतियों के कार्यान्वयन और प्रचार, और वार्षिक बैलेंस शीट बनाना आदि हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनेल सेलेक्शन देश भर के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) में असिस्टेंट मैनेजर्स की भर्ती के लिए आईबीपीएस आरआरबी ऑफिसर स्केल-1 परीक्षा आयोजित करता है। बैंक असिस्टेंट ऑफिसर के रूप में आप सालाना 5 से 10 लाख रुपए कमा सकते हैं। यह एक प्रमुख एमबीए के बाद सरकारी नौकरी है।

**जनरल मैनेजर** : जनरल मैनेजर आर्गेनाइजेशन या कम्पनी के कॉस्ट एलिमेंट्स और रिवेन्यू का ध्यान रखता है। आईबीपीएस, नाबार्ड , आईडीबीआई कुछ प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं हैं। जिसके आधार पर सरकारी संगठनों में जनरल मैनेजर नियुक्त किए जाते हैं। इन परिक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए आपके पास एमबीए की डिग्री होनी आवश्यक है। एक जनरल मैनेजर का वार्षिक वेतन 10 से 15 लाख रुपए के बीच है।

**मैनेजर ट्रेनी** : उम्मीदवार मैनेजर ट्रेनी पद के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। एक मैनेजर ट्रेनी वह व्यक्ति होता है जिसे सुपरवाइजरी या मैनेजेरियलपदों पर ट्रेनिंग दी जाती है। इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को संबंधित प्रवेश परीक्षा के लिए उपस्थित होना चाहिए। कुछ सरकारी संगठन जो इस पद के लिए उम्मीदवारों को नियुक्त करते हैं, वे हैं फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड, नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मिश्र धातु निगम लिमिटेड, ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड। एक मैनेजर ट्रेनी का वेतन 15 से 30 हजार प्रति माह हो सकता है।

# नकारात्मकता के माहौल में सकारात्मक रहकर अपने जीवन को दें नई दिशा



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज का दौर सूचनाओं का युग है। हर दिन हमें समाचारों के माध्यम से शिक्षा, अपराध, पेशेवर जीवन, और युद्ध जैसी नकारात्मक खबरें सुनने को मिलती हैं। ये खबरें न केवल हमारे मन को उदास करती हैं, बल्कि कभी-कभी हमारे सपनों और उत्साह को भी कमजोर कर सकती हैं। लेकिन प्रिय छात्रों, यह समय हार मानने का नहीं, बल्कि सकारात्मकता की रोशनी फैलाने का है। आप न केवल अपने लिए, बल्कि अपने माता-पिता और राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकते हैं। आइए, जानें कि नकारात्मकता के इस माहौल में सकारात्मक कैसे रहा जाए और अपने जीवन को एक नई दिशा दी जाए। समाचार हमें दुनिया की हकीकत से रूबरू कराते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पूरी दुनिया केवल नकारात्मकता से भरी है। हर नकारात्मक खबर के पीछे सकारात्मक बदलाव की संभावना छिपी होती है।

## शिक्षा में चुनौतियों को अवसर के रूप में देखें

उदाहरण के लिए, अगर आप शिक्षा में चुनौतियों की खबर सुनते हैं, तो इसे एक अवसर के रूप में देखें। आप एक ऐसी पढ़ाई या नवाचार ला सकते हैं जो शिक्षा को बेहतर बनाए। अपराध की खबरें आपको समाज में जागरूकता फैलाने और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। सकारात्मक नजरिया अपनाएं और हर समस्या को एक चुनौती के रूप में देखें, जिसका समाधान आप बन सकते हैं।

**अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें** : छात्र जीवन वह समय है जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। नकारात्मक समाचार आपके ध्यान को भटका सकते हैं, लेकिन यह याद रखें कि आपका लक्ष्य आपकी सबसे बड़ी ताकत है। चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या कलाकार बनना चाहते हों, अपने सपनों को जीवित रखें। हर दिन अपने लक्ष्य की ओर छोटे-छोटे कदम बढ़ाएं। जब आप अपने उद्देश्य पर केंद्रित रहते हैं, तो नकारात्मकता आपके मन को कम प्रभावित करती है। अपने माता-पिता को गर्व महसूस कराने के लिए और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए, अपने लक्ष्यों को कभी न भूलें।

**सकारात्मक लोगों के साथ समय बिताएं** : आपके आसपास के लोग आपके विचारों को बहुत प्रभावित करते हैं। ऐसे दोस्तों और शिक्षकों का साथ चुनें जो आपको प्रेरित करें और सकारात्मकता फैलाएं। अपने परिवार के साथ समय बिताएं और उनकी कहानियों से सीखें। आपके माता-पिता ने भी अपने समय में कई चुनौतियां देखीं। उनकी मेहनत और धम्य से आज आप यहां हैं। उनके अनुभव आपको नई प्रेरणा दे सकते हैं। साथ ही, प्रेरक किताबें पढ़ें और उन लोगों की कहानियां सुनें जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी सफलता हासिल की। सकारात्मकता संक्रामक होती है, और यह आपके जीवन को नई ऊर्जा से भर देगी।

**छोटे-छोटे कार्यों से बदलाव की शुरुआत करें** : राष्ट्र का भविष्य आप जैसे युवाओं के हाथों में है। आपको लगता है कि युद्ध, अपराध, या सामाजिक समस्याएं बहुत बड़ी हैं, तो छोटे-छोटे कदमों से शुरुआत करें। अपने स्कूल में एक स्वच्छता अभियान चलाएं, अपने दोस्तों को शिक्षा का महत्व समझाएं, या अपने समुदाय में किसी जरूरतमंद की मदद करें। ये छोटे प्रयास न केवल आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएंगे, बल्कि आपके माता-पिता और समाज के लिए गर्व का कारण बनेंगे।

## शारीरिक सेहत का ख्याल रखें

नकारात्मक खबरें आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं। इसलिए, अपनी सेहत का ख्याल रखना जरूरी है। रोजाना ध्यान, योग, या व्यायाम करें। सुबह कुछ समय प्रकृति के साथ बिताएं। अच्छा खाना खाएं और पर्याप्त नींद लें। जब आप शारीरिक रूप से स्वस्थ होते हैं, तो आपका मन भी सकारात्मक रहता है। साथ ही, अपने विचारों को कागज पर लिखें। यह आपके मन के बोझ को कम करता है और आपको नई दिशा देता है।

**माता-पिता और राष्ट्र के लिए प्रेरणा बनें** : आपके माता-पिता ने आपके लिए कई सपने देखे हैं। उनकी मेहनत और बलिदान को कभी न भूलें। जब आप सकारात्मक रहते हैं और अपने लक्ष्यों को हासिल करते हैं, तो आप न केवल उनके चेहरे पर मुस्कान लाते हैं, बल्कि राष्ट्र के लिए भी एक योगदान देते हैं। भारत जैसे देश में, जहां युवा शक्ति सबसे बड़ी ताकत है, आप एक सकारात्मक बदलाव का हिस्सा बन सकते हैं। आपकी मेहनत और सकारात्मकता न केवल आपके परिवार, बल्कि पूरे देश को प्रेरित कर सकती है।

**आभार व्यक्त करें** : नकारात्मकता के बीच, हम अक्सर उन चीजों को भूल जाते हैं जो हमारे पास हैं। हर दिन कुछ समय निकालकर उन चीजों के लिए आभार व्यक्त करें जो आपके जीवन में हैं—आपका परिवार, आपके शिक्षक, आपके दोस्त, और आपका देश। आभार का भाव आपके मन को शांति देता है और आपको सकारात्मक बनाए रखता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** चोल काल में 'कडीमै' का अर्थ था
(ए) भूराजस्य / लगान
(बी) गृह कर
(सी) चारागाह कर
(डी) जलाशय कर

**2.** चोल काल में नौसेना का सर्वाधिक विकास किसके समय में हुआ ?
(ए) परांतक I
(बी) राजराजा I
(सी) राजेन्द्र I
(डी) इनमें से कोई नहीं

**3.** युद्ध में विशेष पराक्रम दिखाने वाले योद्धा को कौन-सी उपाधि दी जाती थी?
(ए) क्षत्रिय शिखामणि
(बी) वेडेक्कार
(सी) महादण्डनायक
(डी) धर्मभट्ट

**4.** 'परैया' का अर्थ है
(ए) अछूत
(बी) ब्राह्मण
(सी) क्षत्रिय
(डी) वैश्य

**5.** चोल काल में सोने के सिक्के कहलाते थे
(ए) कुलंजु
(बी) काशु
(सी) रूपक
(डी) दीनार

**6.** चोल काल में राज्य की स्वामित्व वाली भूमि कलाती थी
(ए) प्रभुमान्यम्
(बी) देवदान
(सी) ब्रह्मदेय
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** चोल काल में किसने हिरण्यगर्भ नामक त्यौहार का आयोजन किया था ?
(ए) लोकमहादेवी
(बी) कुंदवा
(सी) अम्मनदेवी
(डी) मधुरान्तकी

**8.** चीन में व्यापारिक दूत भेजने वाले चोल सम्राट थे
(ए) राजराज I
(बी) राजेन्द्र I
(सी) कुलोत्तुंग चोल I

**उत्तर** 1.(ए) 2.(सी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

## खबर संक्षेप



### अटेली में फाइनल रिहर्सल का सफल आयोजन

**नारनौल।** हरियाणा सरकार के आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में खंड स्तरीय योग कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरूआत निर्धारित समयानुसार आयुष योग सहायक पवन कौशिक ने योग प्रोटोकॉल के तहत यौगिक क्रियाओं से की। खंड स्तरीय योग कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. अनामिका आयुष विभाग ने रिहर्सल का निरीक्षण किया। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय अटेली के प्राचार्य डॉ. राजेश सैनी, राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली के प्राचार्य डॉ. प्रवीन कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार, कॉलेज एनसीसी प्रमुख नीरज चौहान, डॉ. विकास, डॉ. चंचल, डॉ. सहदेव, डॉ. मनीषा, आयुष योग सहायक अमित रोहिल्ला आदि मौजूद थे।

### विवाह की वर्षगांठ पर कराया अल्पाहार

**नारनौल।** प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री परशुराम चौक पर प्रसाद उत्सव का आयोजन किया गया। अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा व प्रकल्प संयोजक दिनेश शर्मा ने बताया कि सुबोधकांत शर्मा व मनीषा शर्मा ने वैवाहिक वर्षगांठ पर श्रमिक भाई बहनों के साथ अपनी खुशियां सांझा करते हुए उनके लिए प्रसाद उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वोदय स्कूल संचालक दलजीत शास्त्री व शिक्षाविद राकेश शर्मा ने किया। डॉ. जितेंद्र भारद्वाज व नरोत्तम सोनी ने कहा कि खुशी के साथ खिलाया भोजन उत्कृष्ट श्रेणी का पुण्य कार्य माना जाता है। पवन यादव व नवीन गुप्ता ने कहा कि प्रसाद उत्सव सेवा का बेह्तरीन प्रयास है। इस मौके पर कृष्ण शर्मा एडवोकेट, साहित्यिक इकाई के प्रभारी ओशिन शुक्ला, अजय शर्म आदि मौजूद रहे।

---

*निचले स्थानों व सड़क पर हुए जलभराव से परेशानी*

# नाले की कनेक्टिविटी न होने से रेवाड़ी मोड़ पर हालात हुए बेकाबू

- बारिश के चलते तापमान में आई गिरावट, गर्मी से मिली निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



**कनीना।** महेंद्रगढ़ सड़क पर रेवाड़ी मोड़ के समीप जमा बारिश का पानी।

कनीना क्षेत्र में वीरवार सायं को हुई 21 एमएम बारिश के चलते जगह जगह पानी जमा हो गया। सड़क मार्गों तथा रास्तों मे पानी जमा होने से वाहन चालकों तथा राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश से तापमान में गिरावट आने से मौसम सुहावना बन गया है। खेतों में खड़ी बाजरे, ग्वार तथा कपास की फसल में पानी लगने से उसमें रौनक छा गई है। अच्छी बारिश के बाद किसानों को फसल में सिंचाई करने से छुटकारा मिला है। बारिश होने के बाद कनीना क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 27 व अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। मौसम ठंडा होने पर गर्मी से राहत महसूस हुई है। प्री मानसून की अच्छी बारिश होने के बाद किसानों की ओर से खरीफ फसल सिंचाई का कार्य बंद कर दिया गया है।

उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. अजय यादव ने बताया कि कनीना विकास खंड में 18 हजार हेक्टेयर भूमि में बाजरा, छह हजार हेक्टेयर में ग्वार, सात हजार हेक्टेयर भूमि में कपास तथा 98 हेक्टेयर रक्बे में मूंग की खेती गई है। बारिश होने के बाद क्षेत्र में खरीफ फसल में फायदा हुआ है। बाजरे की बंपर पैदावार का अनुमान है। उन्होंने बताया कि बारिश की संभावना बनी हुई है। किसान फसल में सिंचाई न करे।

दूसरी ओर लोक निर्माण विभाग की ओर से बीते वर्ष कनीना से उन्हाणी तक सड़क के दोनों ओर किए गए नाला निर्माण का फायदा अभी तक नहीं मिलने लगा है। अटेली मोड़ टी प्वाइंट तथा रेवाड़ी रोड टी प्वाइंट पर नाले की कनेक्टिविटी नहीं होने तथा बारिश के पानी को नाले में जाने का रास्ता न मिलने के कारण सड़क पर जलभराव की समस्या खड़ी हो रही है। जिससे सड़क खंडित होने की संभावना भी बन रही है। उन्हाणी के रामपुरी रजबाहे से लेकर अटेली मोड़, फिलिंग स्टेशन के समीप, कनीना बस स्टैंड, रेवाड़ी मोड़ सहित अन्य स्थानों पर बारिश का पानी जमा हो रहा है। अधिकांश दुकानदारों ने मिट्टी भराव करने से नाले में पानी जाने का रास्ता नहीं बचा है। जिसके चलते स्टेट हाईवे 24 पर पानी जमा हो रहा है।

#### लोक निर्माण विभाग जल्द करवाएगा नाले की कनेक्टिविटी

लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन अश्वनी कुमार ने कहा कि बीते वर्ष उनकी ओर से सड़क मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए नाले का निर्माण करवाया गया था। बरसात का पानी नाले में डालने की व्यवस्था करने के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए गए थे। अटेली मोड़ व रेवाड़ी मोड़ टी प्वाइंट पर नाले की जल्द ही कनेक्टिविटी कराई जाएगी। सड़क पर बारिश का पानी नहीं भरने दिया जाएगा।

#### नपा ने मानसून से पूर्व करवाई नालों की सफाई

नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढा ने कहा कि बरसात के पानी की निकासी के लिए मानसून आने से पहले लगातार नालों की सफाई करवाकर दुरूस्त करवाया गया है। लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़क के दोनों ओर पिछले समय बनाए गए नाले की कनेक्टिविटी नहीं करने से रेवाड़ी रोड पर जलभराव की समस्या बढ़ रही है। वाहन चालक तथा राहगीर वहां से गुजरने से तौबा करने लगे है। नपा की टीम जलभराव वाले स्थानों पर नजर रख रही है। उनकी ओर पानी को नहीं ठहरने दिया जाएगा।

---

सरकार के आदेश हवा-हवाई, 15 जून तक टूटी सड़कों का नहीं हुआ नवीनीकरण

# रेलवे क्रॉसिंग फाटक गुढ़ा से बस स्टैंड जाने वाले मार्ग में बने गड्ढे

- नहर विभाग के अधिकारी साइफन को दुरुस्त करने की बजाए आंख मूंदकर बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



**कनीना।** कनीना महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे से गुढ़ा को लिंक करने वाली टूटी सड़क।

प्रदेश की भाजपा सरकार जनहित की योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए प्रयासरत है, लेकिन अफरशाही के हावी होने के चलते योजनाएं अधर में दम तोड़ रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से दो माह पूर्व प्रदेश के सभी टूटे सड़क मार्गों का नवीनीकरण कराने के लिए 15 जून की समयसीमा निर्धारित की थी, बजट भी अलाट कर दिया था। दुर्भाग्य की बात है कि लंबे समय से टूटे पड़े गुढ़ा से कनीना महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे को लिंक रोड को आज तक नहीं बनाया गया है। रेलवे क्रॉसिंग फाटक गुढ़ा से बस स्टैंड जाने वाले 12 फुट चौड़े मार्ग में गड्ढे होने से वाहन चालक परेशान हैं।

ग्रामीणों ने इस मार्ग को 18 फुट अपग्रेड कर पुर्ननिर्माण की मांग की जाती रही है। दूसरी ओर कनीना महेंद्रगढ़ सड़क मार्ग पर उन्हाणी के समीप से गुजर रही रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साइफन के कारण दोनों ओर करीब दो सो मीटर तक सड़क में गड्ढे बने हुए हैं। जहां अनेक सड़क हादसे घटित हो चुके हैं। नहर विभाग के अधिकारी साइफन को दुरुस्त करने की बजाए आंख मूंदकर बैठे हैं। जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। हाल ही में डीसी, एसडीएम ने इस प्वाइंट का निरीक्षण कर समाधान का आश्वासन दिया था।

बता दें कि कनीना में अटेली नारनौल सड़क मार्ग पर बनाए जा रहे रेलवे ओवर ब्रिज व एनएच 152 डी से गुजरने वाले हल्के व भारी वाहन चेलावास गुढ़ा व कनीना महेंद्रगढ़ सड़क मार्ग से गुजर रहे हैं। जिससे वाहनों का दबाव बढ़ गया है। इसके बावजूद लोकनिर्माण विभाग की ओर से सड़क निर्माण करना दूर पैचवर्क भी नहीं किया जा रहा है। हालांकि उन्हाणी के पास टूटे सड़क मार्ग पर बीती दो जून को घटित सड़क हादसे में चौ युवकों की मौत हो चुकी है, इसके बावजूद भी विभाग के अधिकारी किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं। टूटे रोड की दूरी महज 200 मीटर दूर दादरी मोड़ पर दो स्पीड ब्रेकर बने हुए हैं, लेकिन अधिकारियों ने आनन फानन में रजबाहे के दोनों ओर दो स्पीड ब्रेकर ओर बनवाकर जिम्मेवारी से पल्लू झाड़ लिया।

जिला प्रशासन की ओर से रोड सेफ्टी के नाम समय समय पर बैठक आयोजित कर सुरक्षित एवं सुगम यातायात की बात करता है, लेकिन धरातल पर कार्य न होने से आमजन परेशान है।

#### क्या कहते है एक्सईएन

इस बारे में लोकनिर्माण विभाग के एक्सईएन अश्वनी कुमार ने बताया कि कनीना महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे से गुढ़ा गांव को लिंक करने वाले रोड का वाइडनिंग करने के साथ शीघ्र ही नवीनीकरण किया जाएगा।

---

# सैनी स्कूल में योग दिवस की फाइनल रिहर्सल आयोजित

**नारनौल।** सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में फाइनल रिहर्सल की गई। फाइनल रिहर्सल का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य हुकुमचंद सैनी द्वारा किया गया। योग प्रार्थना के बाद योग प्रशिक्षक जयसिंह डीपीई द्वारा योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग अभ्यास करवाया गया। जिसमें गिरवा चालन, चालन क्रियाएं, स्कंद संचालन, घुटना संचालन, कटी संचालन, वृक्षासन, ताड़ासन, पद हस्तासन, अर्ध हलासन, अर्ध उष्ट्रासन, उतान मंडूकासन, अर्ध हलासन, पवन मुक्तासन, प्राणायाम कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम व भ्रामरी प्राणायाम आदि करवाए गए। अंत में शांतिपाठ के साथ योगाभ्यास का समापन करवाया गया। प्राचार्य हुकुमचंद सैनी ने कहा कि 11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे भारतवर्ष में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में हमारे विद्यालय में भी 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में फाइनल रिहर्सल हुई। सभी बच्चों ने योग का अच्छा प्रदर्शन किया और सभी बच्चों व विद्यालय स्टाफ का धन्यवाद किया।



**नारनौल।** योग रिहर्सल में भाग लेते सैनी स्कूल के विद्यार्थी।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर शाखा प्रभारी सरला सैनी, सुमित्रा सैनी, ज्योति सैनी, हिना सैनी, अंकिता सैनी, कौशल सैनी व राजेंद्र कुमार पीटीआई आदि उपस्थित रहे।

### राजकीय कॉलेज कनीना में की रिहर्सल

**कनीना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पितामह कान्ह सिंह राजकीय महाविद्यालय कनीना में खंड स्तरीय योग कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया। इस अवसर पर आयुष योग सहायक पवन ने योगा प्रोटोकॉल के तहत यौगिक क्रियाओं के साथ अभ्यास करवाया। खंड स्तरीय कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. शशि मोरवाल ने बताया कि योग कार्यक्रम में काफी संख्या में विद्यार्थी, नागरिक, सरकारी अधिकारी, कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाओं व स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। इस मौके पर कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. हरिओम, मुख्याध्यापक नरेश कौशिक, डॉ. नेहा यादव, योग सहायक सोमदत्त, बीआरसी दिलबाग सिंह, डॉ. दीपांशु, डॉ. विनय मौजूद थे।



**नारनौल।** योग करवाते प्रशिक्षक। फोटो : हरिभूमि

---




**नांगल चौधरी।** प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षकों को सम्मानित करती बीईओ सुनीता यादव।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति में आधुनिक तकनीक का समावेशः सुनीता

**नांगल चौधरी।** पीएम श्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत लगाया गया पांच दिवसीय सेमीनार संपन्न हो गया है। जिसमें प्राथमिक शिक्षकों को सरल भाषा में पढ़ाई कराने की तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। समापन कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव ने शिक्षकों को पुरस्कत किया तथा निष्ठा पूर्वक ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाई है। जिसके तहत शिक्षण पद्धति में आधुनिकता का समावेश निर्धारित किया गया है। जटिल पाठ्यक्रम के लिए सरल भाषा का चयन किया है। जिससे बच्चों का रूझान बढ़ेगा और मानसिक सकारात्मकता भी बढ़ेगी। छात्र संख्या बढ़ाने के मकसद से सरकार ने विभागीय स्कूलों में स्वीकृत पोस्टों के अनुसार शिक्षक नियुक्त कर दिए, साथ ही मूलभूत सुविधाएं व संसाधनों का प्रबंध किया गया है। बावजूद सकारात्मक परिणाम नहीं मिलने पर प्राथमिक शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण देने का प्रपोजल तैयार किया है। प्रशिक्षण के दूसरे चरण में पलवल, नूंह, गुरुग्राम, रेवाड़ी, करनाल, फरीदाबाद, भिवानी के प्राथमिक शिक्षकों को पांच दिवसीय विशेष ट्रेनिंग दी गई। बीईओ ने बताया कि प्रशिक्षण की जिम्मेवारी रीना, ज्योति, विनय कुमार, सुरेंद्र कुमार, नवीन, महेश कुमार, प्रदीप, राजेंद्र प्रसाद को दी गई है। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कोर्डिनेटर अजय गोयल, सुमित्रा यादव ने किया। इस मौके पर स्कूल उप प्राचार्य रघुबीर पटेल, सौरभ स्वामी, सुंदरलाल मौजूद रहे।

# सलीमपुर में किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर ग्राम पंचायत सलीमपुर ने योगाभ्यास किया। इस मौके पर सरपंच आरती यादव ने बताया कि बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी को योग के लिए प्रोत्साहित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कुछ जागरूकता संदेश भेजे। इन संदेशों के जरिए अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और सहकर्मियों को योग के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और मस्तिष्क के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए। दूषित वायु, ग्लोबल वार्मिंग, बिगड़ा खान-पान और व्यस्त जीवनशैली सेहत को कई तरीकों से नुकसान पहुंचाती है। ऐसे में प्राकृतिक उपायों को अपनाकर विपरीत पर्यावरणीय परिस्थितियों और बिगड़ी जीवनशैली में भी खुद को स्वस्थ और रोगों से बचाव किया जा सकता है। इन प्राकृतिक उपायों में से एक प्रभावी तरीका योग है। योग या ध्यान लगाना स्वास्थ्य को कई प्रकार से लाभ पहुंचा सकता है। इसका असर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों पर होता है। योग सिर्फ शारीरिक कसरत नहीं है, बल्कि यह आत्म-जागरूकता, ध्यान, सांसों का संतुलन और मानसिक शांति का अभ्यास है।

योगाभ्यास करने से शरीर और मन दोनों का स्वास्थ्य बेहतर होता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मकसद दुनियाभर के लोगों को योग के फायदों के बारे में जागरूक करना है। आज का दिन तनाव कम करने, लचीलापन बढ़ाने, शरीर को मजबूत बनाने और बेहतर जीवनशैली अपनाने जैसे लाभों को उजागर करता है। साथ ही, यह दिन दुनिया के अलग-अलग देशों और संस्कृतियों को जोड़ने का काम करता है, जहां लोग मिलकर योग के जरिए एकता और स्वास्थ्य का संदेश फैलाते हैं।




**मंडी अटेली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी सलीमपुर

## बेसहारा बच्चों के आधार कार्ड बनाने में मदद करेगा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

**नांगल चौधरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन नरेंद्र शूरा व सचिव नीलम कुमारी के निर्देशानुसार आंतरी गांव में कानूनी साक्षरता शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक पूर्व सरपंच हनुमान प्रसाद ने की। जिसमें सीनियर एडवोकेट धर्मेश जोशी ने कानूनी जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को विभागीय दफ्तरों में दस्तावेज तैयार कराने की प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं में बच्चों के दाखिले व अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड को अनिवार्य दस्तावेज बनाया गया है। आधार नंबरों को अपलोड करने के बाद ही ऑनलाइन आवेदन संभव होता है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आधार कार्ड बनाने की समस्या बनी हुई है। कहीं सीएससी की सुविधा नहीं तो कहीं ऑपरेटर का संकट बना हुआ है। समाधान के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जरूरतमंद बच्चों को आधार कार्ड बनाने में मदद देने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रत्येक गांव में अभियान चलाकर आधार कार्ड से वंचितों की सर्वे करने की योजना है। लोगों को घर पर ही विभिन्न प्रक्रिया पूरी करके आवश्यक दस्तावेज मुहैया कराए जाएंगे। इस दौरान पीएलवी रमेश कुमार, राजेंद्र शर्मा नंबरदार, जगदीश ठेकेदार ने विचार व्यक्त किए।

### प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज योजना पर सब्सिटी

**नारनौल।** भारत सरकार की ओर से आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत देश के असंगठित खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण, तकनीकी उन्नयन व ब्रांडिंग मार्केटिंग पहलुओं में समर्थन प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज योजना चलाई जा रही है। यह जानकारी देते हुए जिला एमएसएमई केंद्र के उपनिदेशक संदीप ने बताया कि इस योजना के तहत व्यक्तिगत उद्यमियों को 35 प्रतिशत तक की क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी (अधिकतम 10 लाख रुपये) तक प्रदान की जाती है, ताकि वे अपने खाद्य प्रसंस्करण व्यवसाय को बढ़ा सकें।

*योजना के प्रमुख लाभः* जिला एमएसएमई केंद्र के उपनिदेशक संदीप ने बताया कि इस योजना के तहत 35 प्रतिशत क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी (अधिकतम 10 लाख रुपये तक), प्रशिक्षण एवं कौशल उन्नयन, ब्रांडिंग, मार्केटिंग, पैकेजिंग और लेबलिंग में सहायता, गुणवत्ता प्रमाणीकरण एवं खाद्य सुरक्षा उपायों में सहयोग किया जाता है।

### श्री बाल गोपाल गोशाला बिहाली में सांस्कृतिक कार्यक्रम 27 को

**मंडी अटेली।** श्री बाल गोपाल गोशाला बिहाली में 27 जून को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गो पूजन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। जानकारी देते हुए गोशाला प्रघान ने बताया कि प्रात सवा नौ बजे हवन किया जाएगा। उसके बाद गोशाला में पौधारोपण कर गो पूजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अटेली के तहसीलदार संजीव नगर व भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुनील मुसेपुर तथा चमेली देवी सैदपुर रहेगी।

**PUBLIC NOTICE**

I Khushi D/o Suresh Kumar R/o Village Mirjapur Tehsil Ateli Mandi Distt. Mahendergarh Haryana declare that my father name mentioned as Suresh & my mother name mentioned as Poonam in my 10th, 12th class certificate by mistake. the correct name of my father is Suresh Kumar & Mother name is Poonam Devi. necessary correction as per rule.

**सरपंच ग्राम पंचायत, नांगल हरनाथ**
**खण्ड कनीना, जिला महेन्द्रगढ़ (हरि.)**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नांगल हरनाथ में पुराने कंडम लोहे के पाइप के छोटे-मोटे टुकड़ों की नीलामी दिनांक 25.06.2025 को प्रातः 9.00 बजे की जाएगी। नीलामी के नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/- अंग्रेज देवी, सरपंच
ग्राम पंचायत नांगल हरनाथ
(महेन्द्रगढ़), हरि.
मोबाइल नं. : 9416372111

---

# आज के समय में सोशल मीडिया, प्रतिस्पर्धा, करियर की दौड़ और सामाजिक दबावों के बीच व्यक्ति कहीं न कहीं खोता जा रहा अपनी वास्तविक पहचान

- डॉ. संजय वर्मा की पुस्तक 'स्वयं की समझ' का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्री गणेश फाउंडेशन एजुकेशन सोसाइटी नसीबपुर द्वारा संचालित श्री गणेश कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में शुक्रवार पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय कुमार वर्मा की पुस्तक 'स्वयं की समझ' का विमोचन किया गया।

इस पुस्तक विमोचन समारोह की मुख्य अतिथि हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग की जिला अधिकारी डॉ. पूर्ण प्रभा रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा समिति की उप प्रधान शकुंतला देवी ने की । इस अवसर पर 'स्वयं की समझ' पुस्तक के लेखक संपादक डॉ संजय कुमार वर्मा ने बताया कि पुस्तक में कुल 16 अध्याय शामिल किए गए हैं, जिन्हें मुख्य रूप से शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में निहित प्रावधान एवं उद्देश्यों के अनुरूप तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय तेजी से बदल रहा है। आज के समय में सोशल मीडिया, प्रतिस्पर्धा, करियर की दौड़ और सामाजिक दबावों के बीच व्यक्ति कहीं ना कहीं अपनी वास्तविक पहचान खोता जा रहा है। इस समय में खुद की समझ ही वह माध्यम है जो हमें हमारे भीतर की सच्चाई, क्षमताओं एवं संभावनाओं से अवगत करवा सकता है।




**नारनौल।** पुस्तक का विमोचन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### पुस्तक का सृजन करना कठिन कार्य

मुख्य अतिथि पूर्णप्रभा ने अपने संबोधन में कहा कि पुस्तक का सृजन करना काफी कठिन कार्य होता है। इस कार्य को काफी रिसर्च के बाद ही पूरा किया जा सकता है। निसंदेह यह पुस्तक विद्यार्थियों अध्यापकों एवं सामान्य जन के पढ़ने योग्य है तथा इसमें भाषा का सरल रूप प्रयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वयं की समझ का अर्थ है अपने विचारों भावनाओं और इच्छाओं को गहराई से जानना। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार एवं निर्मला प्रकाशन से अशोक कुमार मंगलेश, श्री गणेश ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सचिव सुशील कुमार, वरिष्ठ शिक्षाविद विनीता कुमारी, राव मूलचंद ग्रुप ऑफ एजूकेशन से मनोज कुमार एवं विकास कुमार, राजकीय आईटीआई नारनौल के प्राचार्य विनोद कुमार, मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर चंद्र मोहन, डॉ मुकेश यादव, यशवंत यादव, डॉ. सुंदरलाल कौशिक, स्टेट शिक्षक अवार्डी डॉ.जितेंद्र भारद्वाज, डॉ. बीपी यादव, डॉ. दीपक वर्मा, शिक्षाविद राकेश शर्मा, लेक्चरर नरोत्तम सोनी, प्रवक्ता रविंद्र सैनी, विजेंद्र कुमार, ओमप्रकाश लोहारिया, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सीएस वर्मा, कवि महेंद्र रतन, सतीश झांकल, दयानंद वर्मा, पवन कुमार वर्मा, हेमंत रतन, शिवानी, मीनाक्षी, उर्मिल शर्मा, सुरेश कुमार वर्मा, हर्षवर्धन, यशिका, दिसी, आदित्य के अलावा संस्थान स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

**श्री गौड़ ब्राह्मण सभा, जिला महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल (पंजीयन संख्या 0S-120)**
**सूचना**

श्री गौड़ ब्राह्मण सभा, के त्रिवार्षिक चुनाव वर्ष 2025-2028 होने प्रस्तावित है, जिसके लिए श्री मनीष वशिष्ठ एडवोकेट, पूर्व प्रधान, जिला बार एसोसिएशन, नारनौल को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी ने सभा के 87 कॉलिजियम वार्डों हेतु चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है, जो निम्न लिखित है:–

**चुनाव कार्यक्रम**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | नामांकन पत्रों का प्रस्तुतिकरण | दिनांक 28.06.2025 से 30.06.2025 समय प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक |
| 02 | नामांकन पत्रों की जाँच | दिनांक 01.07.2025 समय प्रातः 11 बजे |
| 03 | नामांकन पत्रों की वापसी | दिनांक 02.07.2025 से 03.07.2025 समय प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक |
| 04 | चुनाव चिन्ह का आवंटन | दिनांक 03.07.2025 समय सायं 5 बजे |
| 05 | मतदान | दिनांक 13.07.2025 समय प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक |
| 06 | मतगणना | दिनांक 13.07.2025 मतदान पूर्ण होने के तत्काल पश्चात |
| 07 | निर्वाचन की घोषणा | दिनांक 13.07.2025 मतगणना पूर्ण होने के तत्काल पश्चात |

हस्ता–/ श्री मनीष वशिष्ठ, मुख्य चुनाव अधिकारी,
श्री गौड़ ब्राह्मण सभा, नारनौल, दिनांक 20.06.2025

# मासूम चेहरा लिए साहिल निकला बाइक चोर, 14 मोटरसाइकिल बरामद

*10 दिन पहले नकली नंबर प्लेट लगी बाइक के साथ पकड़ा गया था साहिल, पुलिस वर्दी के आगे खोल दिए एक से डेढ़ साल के सभी राज*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

शौक बड़ी चीज है। इसे पूरा करने के लिए किसी भी हद तक जाया जा सकता है। खासतौर पर युवा अवस्था में शौक पुरा करने के लिए गलत राह भी चुन ली जाती है। यह उदाहरण सामने है। उम्र 20 के करीब है। निजामपुर वासी मासूम सा चेहरा दिखने वाले इस युवक साहिल ने सिर्फ शौक पुरा करने के लिए इन चोरियों की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस रिकॉर्ड में यह पहली बार सामने आया है। जब पूछताछ की गई तो सामने आया कि पिछले साल ही वह इस चोरी के धंधे में शामिल हुआ था। अब तक 10 से अधिक बाइक तो यह बेच चुका है। जो कम दामों में बेचने की तैयारी में था, उन 14 बाइकों को पुलिस ने बायल की पहाड़ियों के पास से बरामद किया है। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि अकेला साहिल नहीं है, इस गिरोह में पांच से अधिक युवक शामिल है। इस गिरोह ने नारनौल ही नहीं, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, राजस्थान सहित अन्य ठिकानों पर जाकर बाइक चोरी की है। आरोपित साहिल को शुक्रवार न्यायालय में पेश किया गया है।



**10 से अधिक बाइक बेच कर शौक पूरे किए**

नारनौल। पुलिस गिरफ्त में बाइक चोर व पीछे मोटरसाइकिल। फोटो : हरिभूमि



आरोपित साहिल

### रिमांड में बाइक की बरामद

डीएसपी हरदीप सिंह ने मीडिया को बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए पुलिस ने रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपित साहिल से 13 और चोरी की बाइक बरामद की हैं। जिन्हें आरोपित ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से चोरी किया था। आरोपित ने बायल की पहाड़ियों में चोरी की बाइक खड़ी की हुई थी, जिन्हें पूछताछ में सीआईए टीम ने बरामद कर लिया है। आरोपित से काफी वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा हुआ है। अभी इस गिरोह में अन्य सदस्यों की भी पहचान की जा रही है।

### 10 दिन पहले यूं पकड़ा गया था साहिल

डीएसपी हरदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 जून को थाना निजामपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ दो आरोपितों साहिल वासी निजामपुर व नवीन वासी ढाणी गरकटा तन बायल को गिरफ्तार किया था। आरोपित चोरी की बाइक का प्रयोग कर रहे थे, जो सितम्बर 2024 में महेंद्रगढ़ रोड़ नारनौल पॉवर हाउस से चोरी हुई थी। आरोपितों ने मोटर साइकिल पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाई हुई थी, जिसका असल नम्बर कुछ और था। आरोपितों अलग-अलग पूछताछ करने पर साहिल ने बताया था कि मोटरसाइकिल चोरी की है और वह उसके दोस्त से लाया था तथा बाइक पर उसके दोस्त नवीन की मोटरसाइकिल की नम्बर प्लेट लगाकर चला रहे थे, ताकि पकड़े न जाए। आरोपितों के खिलाफ थाना निजामपुर में मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

## खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### भारत विकास परिषद ने लगाया कैंप

**महेंद्रगढ़।** विश्व रक्तदाता पखवाड़ा के तहत भारत विकास परिषद की ओर से शुक्रवार को यादव धर्मशाला में रक्तदान कैंप का आयोजन किया। रेडक्रॉस से डॉ. एसपी सिंह ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। रक्तदान शिविर में 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि रक्तदान के अलावा रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। इसलिए जीवन में हर व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए, ताकि किसी जरूरतमंद के काम आ सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है। इसलिए हमें एक साल में कम से कम दो-तीन बार रक्तदान जरुर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के कर्मचारियों का इस रक्तदान शिविर में विशेष सहयोग रहा।



नारनौल। चुनाव कार्यक्रम जारी करते मुख्य चुनाव अधिकारी व सहायक चुनाव अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### 13 जुलाई को होंगे कॉलिजियम चुनाव

**नारनौल।** जिले की प्रतिष्ठित श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के त्रिवार्षिक चुनाव वर्ष के लिए सभा के मुख्य चुनाव अधिकारी मनीष वशिष्ठ एडवोकेट ने चुनावी कार्यक्रम जारी कर दिया है। मनीष वशिष्ठ ने बताया कि श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के करीब 4000 आजीवन सदस्य पहले 87 कॉलिजियम वार्डों से कॉलिजियम सदस्यों का चुनाव करेंगे। उन्होंने बताया कि 28 जून से 30 जून तक प्रातः 10 बजे से सायं चार बजे तक नामांकन पत्रों का प्रस्तुत किए जा सकेंगे। एक जुलाई को प्रातः 11 बजे नामांकन पत्रों की जांच होगी। वशिष्ठ ने बताया कि जिन वार्डों में निर्विरोध निर्वाचन नहीं होगा, उनके लिए तीन जुलाई को सायं पांच बजे चुनाव चिह्न का आवंटन किया जाएगा तथा 13 जुलाई को प्रातः नौ बजे से सायं चार बजे तक मतदान होगा। मतदान के तत्काल पश्चात मतगणना व उसके तत्काल पश्चात निर्वाचन की घोषणा की जाएगी।

# आईटीआई में 27 तक होंगे दाखिले, 3 जुलाई को जारी होगी पहली मेरिट सूची

1. इलेक्ट्रिशन, फीटर व वायरमैन ट्रेड में आए निर्धारित सीटों से कई अधिक आवेदन, अन्य ट्रेड में विद्यार्थी नहीं दिखा रहे रूचि, अन्य ट्रेड में निर्धारित सीट से कम आए है आवेदन
2. खाली सीटों को देखते हुए विभाग ने लिया है अंतिम तिथि बढ़ाने का फैसला, आगामी शेड्यूल का है विद्यार्थियों को इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

हरियाणा कौशल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने आईटीआई में खाली सीटों को देखते हुए आवेदन करने की तिथि को एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया है। दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी 27 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। वहीं विभाग की ओर से तीन जुलाई को पहली मेरिट सूची जारी की जाएंगी।

बता दें कि हरियाणा कौशल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने गत माह आईटीआई में दाखिले का शेड्यूल जारी किया था। विभाग की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार छह जून से दाखिला प्रक्रिया शुरू हुई थी।

दाखिले की अंतिम तिथि 20 जून निर्धारित की गई है। इस दौरान विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रिशन, फीटर व वायरमैन ट्रेड में सबसे अधिक आवेदन किया। अन्य ट्रेड में निर्धारित सीट से कम आवेदन आए है। ऐसे में विभाग की ओर से दाखिले की अंतिम तिथि को एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया है। विभाग की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार आईटीआई में तीन चरण में दाखिला प्रक्रिया चलेगी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दाखिले के लिए विद्यार्थी को परिवार पहचार पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, स्वयं का मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, जाति प्रमाण पत्र, पिता विहीन या अनाथ का प्रमाण पत्र, एक्स सर्विसमैन प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक सहित ऑनलाइन पेमेंट के लिए बैंक कार्ड होना आवश्यक है।

वहीं सरकार की ओर से आईटीआई में एडमिशन लेने पर विद्यार्थियों को विशेष सुविधा मिलती है। आईटीआई में एडमिशन लेने वाले एससी- बीसी कैटेगरी के छात्रों को स्कालरशिप दी जाती है वहीं बस पास, अप्रेंटिशिप सहित कई अन्य सुविधाएं दी जाती है।




महेंद्रगढ़। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महेंद्रगढ़। फोटो : हरिभूमि

### यह रहेगा दाखिला शेड्यूल

- आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 जून
- तीन जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी
- तीन से सात जुलाई तक लिस्ट में शामिल विद्यार्थियों को आईटीआई में आकर कागजात की जांच में शामिल होना होगा।
- तीन से आठ जुलाई तक विद्यार्थी फीस जमाकर दाखिला ले सकेंगे।
- नौ जुलाई को खाली सीट दशाई जाएंगी।
- नौ से 10 जुलाई तक पोर्टल दोबारा ओपन होगा। इस दौरान विद्यार्थी अपने आवेदन में बदलाव कर सकेंगे।
- 11 जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी।
- 11 से 14 जुलाई तक लिस्ट में शामिल विद्यार्थियों को आईटीआई में आकर कागजात की जांच में शामिल होना होगा।
- 11 से 15 जुलाई तक विद्यार्थी फीस जमाकर दाखिला ले सकेंगे।
- 16 जुलाई को खाली सीट दशाई जाएंगी।
- 16 से 19 जुलाई तक पोर्टल दोबारा ओपन होगा। इस दौरान विद्यार्थी अपने आवेदन में बदलाव कर सकेंगे।
- 22 जुलाई को तीसरी मेरिट सूची जारी होगी।
- 22 से 26 जुलाई तक लिस्ट में शामिल विद्यार्थियों को आईटीआई में आकर कागजात की जांच में शामिल होना होगा।
- 22 से 27 जुलाई तक विद्यार्थी फीस जमाकर दाखिला ले सकेंगे।

### तीन ट्रेड में विद्यार्थी दिखा रहे है अधिक रूचि

*राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महेंद्रगढ़ में 692 सीट पर 1970 आवेदन आए है। इलेक्ट्रिशन ट्रेड में 489, फीटर ट्रेड में 217, वायरमैन ट्रेड में 161 व मशीनिष्ट ट्रेड में 131 आवेदन आए है। जबकि अन्य 46 ट्रेड में 972 आवेदन ही आए है। वहीं राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महेंद्रगढ़ में 204 सीट पर केवल 50 आवेदन आए है। वहीं प्रदेश की बात किए जाएं तो विद्यार्थी इलेक्ट्रिशन, कोपा, फीटर व वायरमैन ट्रेड में अधिक रूचि ले रहे है। इलेक्ट्रिशन ट्रेड के लिए 40952, कोपा 22412, वायरमैन 10971 व फीटर ट्रेड को 10596 विद्यार्थियों ने अपनी पहली पसंद चुना है।*



सतनाली। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

संकल्प सिद्धि कार्यक्रम पर हुई विचार संगोष्ठी

# बीजेपी सरकार ने राम मंदिर बनाने का सपना किया पूरा

*विधायक का फूल माला और पगड़ी पहनाकर किया स्वागत*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सतनाली

केंद्र में बीजेपी सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में संकल्प सिद्धि कार्यक्रम पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सकंल्प से सिद्धि कार्यक्रम के मुख्यवक्ता विधायक कंवर सिंह यादव रहे। विधायक का फूल माला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार के 11 साल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के चार स्तंभ बताए हैं, जिनमें गरीब, युवा, किसान और महिला शामिल हैं। इन 11 साल में सिर्फ सत्ता नहीं बदली, बल्कि देश के विकास की परिभाषा और दिशा बदलने का काम हमारी सरकार ने किया है। सरकार का विजन 2047 तक का है, जो दीर्घकालिक और मजबूत है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर घाटी की ट्रेन का सपना अब साकार हुआ है। घाटी के लोग अब कश्मीर से कन्याकुमारी तक जा सकते हैं। यह कार्य बहुत सराहनीय है। बीजेपी सरकार ने राम मंदिर बनाने का सपना पूरा किया। ये हमारी सरकार है, जिसने लोगों के सपने को साकार करने का काम किया है। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन, संकल्प और उनकी सोच के कारण संभव बना।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल, भागीरथ शेखावत, योगेश शास्त्री, सतनाली मंडल अध्यक्ष बेबी शेखावत, अशोक यादव नांगल सिरोही मंडल अध्यक्ष, दीपिका कुमारी पाली मंडल अध्यक्ष, रवि जड़वा, दीपक महामंत्री, सुरेंद्र सिंह, मुकेश, टिंकू, धर्मवीर सरपंच, वीरपाल सरपंच डालनवास, प्रमोद सरपंच, सूबेदार साधु सिंह, रणधीर सिंह आदि भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

# डीसी ने दिए मानसून से पहले जलभराव रोकने व शिकायतों के निपटारे के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने आगामी मानसून सीजन के मद्देनजर जिले में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए हैं। उन्होंने विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में नालों से अतिक्रमण हटाने पर जोर दिया, ताकि कहीं भी पानी जमा न हो। डॉ. भारती शुक्रवार को लघु सचिवालय में हरियाणा सरकार की ओर से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक और कानून व्यवस्था से जुड़ी साप्ताहिक कोऑर्डिनेशन बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद थी।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर बार बार जलभराव होता है। वहां स्थायी रूप से पंप सेट लगाकर पानी की निकासी के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। समाधान शिविरों की समीक्षा करते हुए डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से इन शिविरों में प्राप्त शिकायतों की लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का सही तरीके से और समय पर निपटारा किया जाए। इसके अतिरिक्त डॉ. भारती ने सीएम विंडो व सोशल मीडिया ट्रैकर पर आने वाली शिकायतों के संबंध में भी अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उलंबे समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए।



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। डॉग स्क्वायड टीम को सम्मानित करते एसपी पूजा वशिष्ठ।

### डॉग स्क्वायड टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए एसपी ने किया सम्मानित

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने डॉग स्क्वायड टीम को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन व कानून प्रवर्तन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में टीम को नकद पुरस्कार व प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। डॉग स्क्वायड टीम, जिसमें उच्च प्रशिक्षित डॉग्स और उनके समर्पित हैंडलर शामिल हैं। ये टीमें विभिन्न खोजी कार्यों जैसे कि मादक पदार्थों और विस्फोटक पदार्थों की खोज करने में विशेषज्ञता रखते हैं। हाल ही में शहर में करीब 12 लाख की कीमत के अवैध नशीले पदार्थ हेरोइन को पकड़वाने में डॉग स्क्वायड टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कनीना खास रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव की मांग, 4 जुलाई को देंगे धरना

*प्रदर्शनकारियों ने तीन अलग-अलग ज्ञापन स्टेशन मास्टर को सौंपे*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

कनीना खास रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव करने, एक नई पेंसजर डीएमयू गाड़ी सुबह पांच बजे सादुलपुर से वाया कनीना, रेवाड़ी, दिल्ली से पानीपत चलाने आदि मांगों को लेकर आगामी चार जुलाई को कनीना स्टेशन पर धरना व रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। उक्त घोषणा प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने शुक्रवार को उक्त मांगों को लेकर कनीना रेलवे स्टेशन पर किए प्रदर्शन के दौरान लोगों को सम्बोधित करते हुए किए।

उन्होंने कहा कि सरकार व रेल प्रशासन कनीना रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव न करके यहां के लोगों के साथ भेदभाव कर रहा है। इसके बाद में प्रदर्शनकारियों ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव तथा बीकानेर डीवीजन के डीआरएम आशीष कुमार के नाम प्रेषित तीन अलग-अलग ज्ञापन स्टेशन मास्टर सुमित कुमार को सौंपे। जिसे उन्होंने सरकार व रेल प्रशासन को तत्काल भेजने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में कनीना रेलवे स्टेशन पर दिन में आने वाली दिल्ली जोधपुर एक्सप्रेस गाड़ी नम्बर 22421, 22422, दिल्ली से बीकानेर एक्सप्रेस गाड़ी नम्बर 22471, 22472, दिल्ली से सीकर एक्सप्रेस गाड़ी नम्बर 14713, 14714 तथा रात को आने वाली दिल्ली बीकानेर एक्सप्रेस गाड़ी नम्बर 12457,12458, दिल्ली जोधपुर एक्सप्रेस गाड़ी नम्बर 22481, 22482 का ठहराव कनीना खास रेलवे स्टेशन पर तत्काल शुरू करने, एक नई डीएमयू पेंसजर गाड़ी सुबह पांच बजे सादुरपुर से वाया कनीना चलाने की मांग की।



नारनौल। स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपते प्रदर्शनकारी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कर्णसिंह यादव, पदमेन्द्र जांगड़ा, राजसिंह प्रधान, श्यामलाल सारसवत, राजेन्द्र नम्बरदार, धनुष शर्मा, जगदीश प्रसाद मिस्त्री, किशनपाल तंवर, मुकेश पंच, मीरसिंह वैद्य, रामबीर पंच, कैलाश सेठ, नायब सूबेदार नत्थूसिंह, नवीन, नीटू जांगड़ा, सतीश, प्रीतम, प्रशांत, देशराज, होशियार सिंह, मनोज आदि अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

# हकेंवि में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अंतर्गत दाखिले की प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए सत्र 2025-26 के दाखिले की प्रक्रिया जारी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत सीयूईटी (पीजी) 2025 के विद्यार्थियों आगामी 23 जून तक पंजीकरण करा सकते हैं। विभिन्न क्षेत्र में अनुवाद का महत्व, प्रासंगिकता और बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए यह पाठ्यक्रम एक बेहतर रोजगारपरक विकल्प है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार का कहना है कि आज के इस तकनीकी तथा मुक्तबाजर के युग में अनुवाद एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एक भाषाई भिन्नता प्रदेश के सामाजिक-राजनीतिक-सांस्कृतिक मूल्यों को समझने तथा जानने के लिए अनुवाद एक सफल तथा विश्वासपूर्ण माध्यम है। क्योंकि यह केवल शब्दों का रूपांतरण नहीं करता है, बल्कि एक संस्कृति, विचार और दृष्टिकोण को साझा भी करता है। इस महत्व को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय में एमए हिंदी (अनुवाद) अध्ययन के लिए उपलब्ध है।

इस पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुवाद के गुणात्मक और व्यावसायिक पहलुओं से परिचित करवाया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों अनुवाद की कला में निपुण होकर समाज, राष्ट्र और वैशिक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखा सकें। विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीरपाल सिंह यादव ने बताया है कि आज के वैश्वीकरण के युग में अनुवाद एक सेतु का कार्य कर रहा है। जैसे- विचारों, संस्कृतियों और ज्ञान के आदान-प्रदान।

हिंदी अनुवाद की बढ़ती मांग न केवल शैक्षणिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में है, बल्कि सरकारी, गैर-सरकारी, मीडिया तथा तकनीकी संगठनों में भी इसके लिए व्यापक अवसर मौजूद हैं। इसी विचार को केंद्र में रखते हुए, हमारे विभाग द्वारा हिंदी अनुवाद का डिग्री पाठ्यक्रम उपलब्ध करवाया जा रहा है।



महेंद्रगढ़। हकेंवि का भवन। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षण विद्यार्थियों के भविष्य के लिए लाभकारी

*इस पाठ्यक्रम के माध्यम से सभी इच्छुक विद्यार्थियों के लिए एक अवसर प्रदान करेगा, जो भाषा की शक्ति को समझते हैं और उसे माध्यम बनाकर विभिन्न क्षेत्रों में संवाद स्थापित करना चाहते हैं। जहां तक हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की बात है, यहां विद्यार्थियों को न केवल अनुवाद के सिद्धांतों से परिचित करवाया जाएगा साथ-ही, उसका व्यावहारिक शिक्षा भी दी जाती है एवं चतुर्थ सेमेस्टर में अनुवाद परियोजना कार्य भी करवाया जाता है। यह विद्यार्थियों को ऐसा दृष्टिकोण प्रदान करता है जिससे विद्यार्थी भाषाई सौन्दर्य व शुद्धता को बनाए रखते हुए एक सार्थक अनुवाद कर सकें। विश्वविद्यालय के उपयुक्त वातावरण, पुस्तकालय, अनुभवी प्राध्यापकों द्वारा शिक्षण विद्यार्थियों के भविष्य के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगा। दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी पंजीकरण कर सकते हैं। विस्तृत विवरण/जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।*



महेंद्रगढ़। आशा लाकरा से मुलाकात करते सचिन महायच। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य से की मुलाकात

**महेंद्रगढ़।** नई दिल्ली मुख्यालय में सामाजिक कार्यकर्ता सचिन महायच ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग की सदस्य आशा लाकरा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान देशभर में समाज की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति एवं आयोग के सकारात्मक कदमों पर विस्तार से चर्चा हुई। सचिन महायच ने महेंद्रगढ़ के अनुसूचित जाति वार्डों की समस्याओं को भी आयोग के समक्ष रखा कि किस तरह नगर निकाय विभाग द्वारा गंदे पानी के टैंक वार्ड में बनाए हुए हैं। देश में किसी भी जगह सार्वजानिक पार्क में गंदे पानी के टैंक नहीं हैं।



नारनौल। योग करते एसडीएम मनोज कुमार व आमजन। फोटो : हरिभूमि

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की फाइनल रिहर्सल

**नारनौल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को खंड स्तर पर नई अनाज मंडी नांगल चौधरी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया। एसडीएम मनोज कुमार ने रिहर्सल का निरीक्षण करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर भव्य योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। खंड स्तरीय कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. ललित मोहन एएमओ ने बताया कि योग दिवस के लिए कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत आज सभी आवश्यक आसनों, प्राणायाम और ध्यान अभ्यास की तैयारी कराई गई। अशोक कुमारी योग सहायक ने करवाए। इस मौके पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव, योग सहायक प्रवेश कुमारी, एनसीसी से बृजेश कुमार, डॉ. योगेश, डॉ. चंचल, सुरेंद्र आदि मौजूद थे।